भारत सरकार
अंतरिक्ष विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 635
बुधवार, 03 दिसंबर, 2025 को उत्तर देने के लिए

मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन

635. डॉ. थोल तिरूमावलवन:

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने चंद्रमा के लिए मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन की योजना बनाई है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या चंद्रमा पर ऐसे मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन के लिए कोई लक्ष्य तिथि निर्धारित की गई है; और

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय
तथा प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री
(डॉ. जितेन्द्र सिंह):
****

(क) और (ख)

जी हाँ। सतत मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशनों के लिए निरंतर प्रयासों के तहत, भारत ने एक दीर्घकालिक रोडमैप तैयार किया है, जिसमें चंद्रमा पर मानवयुक्त मिशन की शुरुआत भी शामिल है।

(ग) और (घ)

भारत के स्पेस विज़न 2047 के भाग के रूप में, पहले मानवयुक्त चंद्र मिशन को अनंतिम रूप से 2040 तक आयोजित करने की योजना है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन मॉड्यूल-1, अगली पीढ़ी के प्रमोचन यान तथा तृतीय प्रमोचन पैड सहित चंद्रयान-4 चंद्र नमूना वापसी मिशन, चंद्रयान-5 इसरो-जाक्सा लुपेक्स मिशन, गगनयान अनुवर्ती मिशन जैसी प्रमुख परियोजनाएं हाल ही में सरकार द्वारा मंजूर की गई हैं।

****